# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 15 अगस्त 2025




GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

GET IT ON Google Play

Download App

## by GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में राजस्थान में कामां महोत्सव का आयोजन कब किया जाएगा?

(A) 19 से 21 अगस्त 2025

**(B) 16 से 17 अगस्त 2025**

(C) 15 से 18 अगस्त 2025

(D) इनमें से कोई नही

*राजस्थान में कामां महोत्सव (भरतपुर) का आयोजन – 16 से 17 अगस्त 2025 तक किया जाएगा*

*कामां महोत्सव (भरतपुर) एक वार्षिक उत्सव है जो भगवान कृष्ण के जन्मदिन, जन्माष्टमी के अवसर पर कामां, भरतपुर में मनाया जाता है।*

*यह उत्सव दो दिनों तक चलता है और इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, रासलीला, और मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना शामिल होती है*

*कामां महोत्सव, पर्यटन विभाग और भरतपुर जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाता है।*

01. हाल ही में राजस्थान की किस खिलाड़ी की कप्तानी में भारतीय रग्बी टीम ने अंडर-20 एशिया कप में कांस्य पदक जीता है?




(A) भूमिका शुक्ला

(B) भावना शर्मा

(C) अंजलि चौधरी

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- भारतीय रग्बी टीम ने अंडर-20 एशिया कप में कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की। यह प्रतियोगिता बिहार के राजगीर में 9 और 10 अगस्त को आयोजित हुई थी।
- भारतीय रग्बी फुटबॉल ने इसका आयोजन किया था। भारतीय टीम की कप्तान राजस्थान की भूमिका शुक्ला थीं
- जबकि झोटवाड़ा जयपुर की ही मुस्कान पिपलोदा ने भी कांस्य जीतने में अहम भूमिका निभाई।
- राजस्थान रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा

02. राजस्थान क्रिकेट में योगदान हेतु राजीव गांधी क्रिकेट क्लब द्वारा किसे राजीव गांधी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया जाएगा?

(A) संजय व्यास

(B) पंकज सिंह

(C) दीपक चाहर

(D) इनमें से कोई नही



राजीव गांधी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड संजय को

**Important Facts:**

- राजस्थान रणजी टीम के पूर्व कप्तान और सीनियर सलेक्टर्स रहे संजय व्यास को इस बार राजीव गांधी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया जाएगा।
- राजीव गांधी क्रिकेट क्लब द्वारा 19 अगस्त को यह अवॉर्ड दिया जाएगा।
- राजस्थान क्रिकेट में अहम योगदान देने वाले पूर्व क्रिकेटर्स को यह अवॉर्ड दिया जाता है।
- संजय व्यास ने राजस्थान के लिए 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं।

03. हाल ही में ऊर्जा राज्यमंत्री  मंत्री हीरालाल नागर ने कहां पर अत्याधुनिक ब्लड कंपोनेंट एवं सेपरेशन यूनिट का शुभारंभ किया?

(A) बूंदी

(B) बीकानेर

(C) चूरू

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- ऊर्जा राज्यमंत्री  मंत्री हीरालाल नागर ने 13 अगस्त को बूंदी जिला चिकित्सालय में अत्याधुनिक ब्लड कंपोनेंट एवं सेपरेशन यूनिट का फीता काटकर शुभारंभ किया।
- इस यूनिट के शुरू होने से अब डेंगू, कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को प्लाजमा और प्लेटलेट्स जैसी जीवनरक्षक जरूरतों के लिए रेफर नहीं करना पड़ेगा,
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वीकृत इस यूनिट की स्थापना और भवन के नवीनीकरण पर लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत आई हैं।
- रक्त से जुड़े विशिष्ट घटकों की  सभी सुविधाएं जिला अस्पताल में ही सहज रूप से उपलब्ध होंगी

04. जोधपुर में स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में किसे राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा?

(a) वी. के. सिंह

(b) संजीव वर्मा

(c) बिजू जार्ज जोसेफ

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- 15 अगस्त, 2025 को जोधपुर में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में ATS एसओजी के ADG वी. के. सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाजा जाएगा
- इसके अलावा 14 पुलिसकर्मियों को पुलिस पदक देकर सम्मानित किया जाएगा।
- जोधपुर के बरकतुल्ला स्टेडियम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एटीएस एवं एसओजी वी. के. सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक मिलेगा

05. हाल ही में राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने किसे टीम का हेड कोच नियुक्त किया है?

(A) विक्रांत शर्मा

(B) अनिकेत शर्मा

(C) विकास चौधरी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

⭕ राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने विक्रांत शर्मा को आगामी सीजन के लिए टीम का हेड कोच नियुक्त किया है।

♦ विक्रांत ने 2021 में क्लब को आई-लीग में प्रोमोट कराने में अहम भूमिका निभाई थी।

♦ तीन साल बाद उनकी एक बार फिर वापसी हुई है। इस बार विक्रांत का लक्ष्य टीम का आईएसएल के लिए क्वालिफाई कराना होगा

**06. सितंबर 2025 में राष्ट्रीय स्तर का इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर (उद्योग मेला एवं प्रदर्शनी) का आयोजन कहां किया जाएगा?**

**(A) भिवाडी**

**(B) सीतापुरा**

**(C) बोरानाडा**

**(D) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:**

- जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, भिवाड़ी तथा लघु उद्योग भारती भिवाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में 19, 20 एवं 21 सितंबर को भिवाडी में राष्ट्रीय स्तर का इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर (उद्योग मेला एवं प्रदर्शनी) आयोजित किया जाएगा।
- इसका उद्घाटन राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामले एवं खेल विभाग के मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर करेंगे।
- इस मेले में देशभर से लगभग 300 एमएसएमई इकाइयों के स्टाल लगाए जाएंगे, साथ ही 100 वृहद उद्योग, कंपनियां और हस्तशिल्पी भी भाग लेंगे।

07. राजस्थान में कितने स्थानों,शहरों, कस्बों में 17 अगस्त से 02 अक्टूबर तक विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा?

(a) 75

(b) 44

(c) 41

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने निर्देश दिए कि राज्य में 75 स्थानों,शहरों, कस्बों में 17 अगस्त से 02 अक्टूबर तक विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा
- राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर, सहित विभिन्न कला एवं साहित्य अकादमियों द्वारा यथा सम्भव साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का नियमित रूप से आयोजन किया जाना चाहिए

**08. राजस्थान में डिजिटल जनगणना हेतु कौनसा पोर्टल लॉन्च किया जाएगा?**

(a) सेल्फ सेंसस वेब पोर्टल

(b) डिजी सेंसस वेब पोर्टल

(c) सेल्फ असेसमेंट वेब पोर्टल

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में जनगणना की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार पहली बार डिजिटल जनगणना होगी और लोग खुद भी जनगणना कर सकेंगे। इसके लिए सेल्फ सेंसस वेब पोर्टल लॉन्च किया जाएगा।
- लोग इसमें अपना ब्योरा भर सकेंगे, जिसे बाद में जांच कर वेरिफाई किया जाएगा। साथ ही सरकारी कर्मचारी भी घर-घर जाकर टैबलेट पर डिजिटल फॉर्मेट में जानकारी दर्ज करेंगे।
- राजस्थान सहित पूरे देश में डिजिटल जनगणना का संचालन होगा। यह प्रक्रिया 1 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2027 तक चलेगी। इस बार जातिगत जनगणना भी होगी और प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी।

09. हाल ही में लोकसभा में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, भारत का कुल दूध उत्पादन कितने मिलियन टन है?

(A) 239.30 मिलियन टन

(B) 339.30 मिलियन टन

(C) 539.30 मिलियन टन

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- भारत में 239.30 मिलियन टन दूध का उत्पादन होता है:
- केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, भारत का कुल दूध उत्पादन 239.30 मिलियन टन है।
- भारत 1998 से दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश रहा है और वर्तमान में वैश्विक उत्पादन का 25% हिस्सा इसका है।
- शीर्ष उत्पादक राज्य: उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश

**10. हाल ही में भारत कितने करोड़ रुपये की लागत से निर्यात संवर्धन मिशन शुरू करेगा?**

(A) 3421 करोड़ रुपये

(B) 2,250 करोड़ रुपये

(C) 4263 करोड़ रुपये

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- भारत 2,250 करोड़ रुपये का निर्यात संवर्धन मिशन शुरू करेगा
- भारत सरकार भारतीय उद्योगों को अमेरिकी टैरिफ वृद्धि जैसी वैश्विक व्यापार चुनौतियों से बचाने के लिए ₹2,250 करोड़ का निर्यात संवर्धन मिशन शुरू करने की तैयारी कर रही है।
- इस मिशन का उद्देश्य विशेषत: सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) के लिए वित्तीय सहायता, बाज़ार विविधीकरण और वैश्विक ब्रांडिंग के अवसर प्रदान करके भारत की निर्यात क्षमता को बढ़ाना है।

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा कितने करोड़ रूपए की लागत की माही-जवाई इंटरलिंक परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई है?**

(A) 7000 करोड़ रूपए

(B) 5000 करोड़ रूपए

(C) 10000 करोड़ रूपए

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ **जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)**

🎯 **2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)**

⬛ **अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook**

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine